भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
जन संपर्क विभाग
<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

माननीय नागर विमानन मंत्री द्वारा 'एयरपोर्टस इंडिया बिजनेस मैगजीन' (ए आई बी एम) का विमोचन

नई दिल्ली, फरवरी 16, 2017 : माननीय नागर विमानन मंत्री, श्री पी. अशोक गजपति राजू ने गुरूवार को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में एयरपोर्ट्स इंडिया बिजनेस मैगजीन (ए आई बी एम) के प्रथम अंक का विमोचन किया सूचना के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने नागर विमानन उधोग पर ध्यानाकार्षित करने के लिए प्रयासों की प्रशंसा की ।

पत्रिका का विमोचन करते हुए माननीय मंत्री ने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि यह पत्रिका विमानन पर ध्यान केन्द्रीत कर रही है । विमानों के अविष्कार से पहले भी लोग यात्रा करते थे, वे युगों से यात्रा करते आ रहे हैं । किन्तु यात्रा के आरामदायक होने की वजह से ही लोग अब इतनी अधिक यात्राएं करने लगे हैं, जिसकी पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी । यदि किसी देश में विकास की संभावना है तो मुझे लगता है कि वह भारत है । विमानन के क्षेत्र में बहुत अधिक संभावनाएं है तथा इस क्षेत्र का अर्थव्यवस्था पर बहुआयाम प्रभाव पड़ा है। आई ए हम मिलकर इसें साझा करें, विकास करें तथा विश्व में किसी भी देश से पीछे न रहें । ए आई बी एम भारत की प्रथम व्यावसहायक पत्रिका है, जो पूरी तरह नागर विमानन उधोग के प्रति समर्पित है।

इस पत्रिका का उद्देश्य नागर विमानन एवं बुनियादी ढांचे के व्यापार के बारे में पाठकों को जानकारी देना तथा भारतीय एयरोस्पेस के क्षेत्र में नवीनतम विकास और भविष्य की योजनाओं के बारे में भी गहराई से रिपोटों, विश्लेषण तथा नागर विमानन व्यवसाय के विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख खिलाड़ियों के साथ विश्लेषण एवं साक्षात्कार सहित जानकारी प्रदान करना है ।

इस अनुठी पत्रिका का उद्देश्य नागर विमानन के मामलों, नई परियोजनाएं, विस्तार, व्यापार के अवसर, राष्ट्रीय तथा अन्तरराष्ट्रीय सहयोग तथा अन्य नए आयामों के विषय में जागरूकता फैलाना है और इसका प्रकाशन प्रति तिमाही में पेरिस आधारित मीडिया इंडिया ग्रुप द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सहयोग से किया जाएगा ।

आधुनिक यूरोपीय आभा तथा भारतीय सामग्री वाली इस पत्रिका का अनावरण माननीय मंत्री पी. अशोक गजपति राजू द्वारा डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, अध्यक्ष, भा. वि. प्रा, श्री अनुज अग्रवाल-सदस्य (मा.सं.) तथा श्री ए.के..दत्ता, सदस्य (ए एन एस), भा. वि. प्रा, श्री रणवीर नापर- प्रबंधन निदेशक, मीडिया इण्डिया गुप तथा डा. क्रिस्टीन नायगम, मीडिया इंडिया ग्रुप की उपस्थिति में किया गया ।

कुछ ही महीनों में सभी भारतीय हवाई अड्डों पर ए आई बी एम का विस्तृत प्रसार किया जाएगा । इस पत्रिका को अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भी वितरित किया जाएगा, मुख्यत: यूरोप तथा उत्तरी अमेरिका में मीडिया इंडिया गुप द्वारा इसको वितरित किया जाएगा ।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787,9811521881,
सं. 69/2016-17



माननीय नागर विमानन मंत्री श्री अशोक गजपति राजू , ए आई बी एम पत्रिका का विमोचन करते हुए ' साथ में है डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, अध्यक्ष, भा. वि. प्रा. तथा श्री अनुज अग्रवाल-सदस्य (मा.सं.) भा. वि. प्रा. ।